हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक १६६ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १५ जनवरी २०२४ दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नेता की भविष्यवाणी! 'सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी भाजपा'

### इंडिया गठबंधन के अंदर 'सीट बंटवारे पर समझौता जरूरी'– शशि थरूर





प्रखर डेस्क। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इसे लेकर भविष्यवाणी की है। शशि थरूर ने पूर्वानुमान लगाया है कि भाजपा आगामी चुनाव में अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को केंद्र में सरकार बनाने से रोका जा सकता है। थरूर ने कहा कि अगर भाजपा की सीटों की संख्या बड़े स्तर पर कम की जा सकें और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में इसके सहयोगियों के भरोसे को खत्म किया जा सके तो भाजपा को केंद्र में सरकार बनाने से रोका जा सकता है। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए 303 सीटों पर जीता था। इस बार यह लक्ष्य 400 सीटों का रखा गया है।शशि थरूर केरल लिटरेचर फेस्टिवल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे अभी भी लगता है कि भाजपा अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनेगी। लेकिन मैं इस बात में भी भरोसा करता हूं कि उसकी सीटें इस स्तर तक कम की जा सकती है कि सरकार बनाने के लिए उसे अपने सहयोगियों की जरूरत पड़े लेकिन वह उसका साथ देने को तैयार न हों। हमें ये कोशिश करनी चाहिए। आगामी चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही रार पर शशि थरूर ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन के अंदर पर्याप्त राज्यों में सीट बंटवारे पर समझौता हो जाता है तो कई जगहों पर हार से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि केरल में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर समझौता होना असंभव है।

## लड़की ने पैर छुए और गाया इतना सुंदर गाना कि पीएम ने उतारकर दे दी अपनी शॉल उपहार स्वरूप





प्रखर एजेंसी। लड़की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छुए और इतना सुंदर गाना गया कि च्ड मोदी भी उनके मुरीद हो गए। वे इतना खुश हुए कि उन्होंने लड़की को अपना शॉल उपहार में दिया, जिसे वे प्रोग्राम में पहनकर आए थे। यह देखकर वहां मौजूद सभी लोग तालियां बजाकर खुशी जाहिर करते हैं। लड़की का उत्साह बढ़ाते हुए पीएम मोदी का अभिवादन करते हैं। इन खूबसूरत पलों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। आप भी देखिए वीडियो, दिल खुश हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर पोंगल समारोह में शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने पोंगल के पवित्र अवसर पर मुरुगन के आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया, जिसमें एक लड़की ने 'सत्यम शिवम सुंदरम' गाना इतने मधुर तरीके से गाया कि मोदी भी इस परफॉर्मेंस का लुत्फ उठाते नजर आए। गाना खत्म होने के बाद च्ड मोदी ने लड़की को इशारा करके अपने पास बुलाया। उन्होंने विशेष भावों से समां बांधने वाली लड़की को अपना शॉल उपहार में दे दिया। वीडियो में इस दौरान लड़की को च्ड मोदी के पैर छूते हुए देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पोंगल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाता है। तमिलनाडु की जीवंत संस्कृति का जश्न मनाने वाले पोंगल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश ने कल लोहड़ी का त्योहार मनाया। कुछ लोग आज मकर संक्रांति मना रहे हैं और कुछ लोग कल मनाएंगे। माघ बिहू भी आ रहा है। इस मौके पर मैं देशवासियों को इन त्योहारों की शुभकामनाएं देता हूं।

## मायावती अपने जन्मदिन पर अपनी पुस्तक के विमोचन के साथ इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर ले सकती हैं कोई फैसला

### बसपा का मोबाइल ऐप और नई वेबसाइट भी हो सकती है लांच



प्रखर एजेंसी। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन सोमवार को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पार्टी नेताओं ने बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन को मनाने के लिए पार्टी प्रदेश कार्यालय को होर्डिंगों से पाट दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि बसपा सुप्रीमो अपने जन्मदिन पर इंडिया एलायंस गठबंधन को लेकर अपनी रणनीति का खुलासा कर सकती हैं। इसके अलावा बसपा सुप्रीमो अपनी पुस्तक मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग–19 के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन भी करेंगी। साथ ही, वह बसपा का मोबाइल ऐप और नई वेबसाइट को भी लांच कर सकती हैं। बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर कांग्रेस के नेता बधाई देने भी जा सकते हैं, हालांकि कांग्रेस की ओर से इसकी अधिकृत जानकारी अभी साझा नहीं की गयी है। इस दौरान बसपा सुप्रीमो लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर भी कोई अहम घोषणा कर सकती हैं। बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन के एक दिन पहले अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर दोनों दलों के बीच तल्खी बढ़ा दी है। बता दें कि दानिश अली को बसपा से निलंबित किया जा चुका है। उनकी कांग्रेस के खेमे से बढ़ती नजदीकी का असर दोनों दलों के रिश्तों पर देखने को मिल सकता है।

## अलावा में मोबिल डालने से हुआ ब्लास्ट छह झुलसे, एक गंभीर

प्रखर मऊ। जिले दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के हकीकतपुर स्थित पुराना आरटीओ के पास अलाव तापते समय आग की चपेट में आने से छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने सभी को आनन–फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक की हालत को गंभीर देख चिकित्सक ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जानकारी में मुताबिक, शनिवार की शाम को दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के हकीकतपुर पुराना आरटीओ के पास नगर पालिका से द्वारा अलाव जलाया गया था। स्थानीय लोग जला ही रहे थे कि किसी ने अलाव जलाने के लिए पास के एक मोटरसाइकिल की दुकान से मोबिल लाकर उसमें डाल दिया। देखते ही देखते अलाव के अंदर से ब्लास्ट हो गया। इस दौरान आसपास बैठे संजय चौहान (35) पुत्र राजनाथ चौहान निवासी बरलाई थाना सरायलखन्सी, सुदर्शन (50) पुत्र जंगली, जयराम (50) पुत्र स्वर्गीय तपेश्वर, अरविंद कुमार (45) पुत्र स्वर्गीय मुनेश्वर, तथा इनका 12 वर्षीय पुत्र अनुज, निखिल (55) पुत्र स्वर्गीय राम अमृत निवासी हकीकतपुर थाना दक्षिण टोला गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां निखिल की हालत को गंभीर दे चिकित्सक ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

## सरकार द्वारा निलंबित भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह व सांसद बृजभूषण को मिली धमकी, मुकदमा दर्ज



प्रखर वाराणसी। सरकार द्वारा निलंबित भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष कहे जाने वाले संजय सिंह को धमकी मिली है। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दे की भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव में संजय सिंह ने जीत हासिल की थी। जिसके बाद खिलाड़ियों द्वारा पदक लौट आए जाने के बाद सरकार दे निर्णय लेते हुए भारतीय कुश्ती संघ को भंग कर दिया था। उसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह बबलू को अनजान नंबर से धमकी मिली है। उनके साथ भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी नाम लेकर धमकाया गया है। इसके बाद भेलूपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी गई तहरीर में कबीर नगर दुर्गाकुंड में रहने वाले संजय सिंह ने बताया कि 12 जनवरी को रात्रि 8रू30 से 9रू00 बजे के बीच उनके दोनों नंबरों पर अनजान फोन आया। अनजान नंबर होने से उन्होंने फोन नहीं उठाया। 13 जनवरी की दोपहर इस नंबर से फिर फोन आया तो संजय सिंह ने रिसीव किया। संजय सिंह के फोन उठाते ही फोन करने वाला गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। बाद में संजय सिंह ने फोन काट दिया। दोबारा फोन करने वाले ने फोन किया और फिर उनके साथ भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह और संजय सिंह को भी गाली देते हुए जान से मारने और मरवाने की बात करने लगा। इसके बाद संजय सिंह ने पुनः फोन को काट दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आईपीसी धारा 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना दुर्गाकुंड चौकी इंचार्ज अनुराग मिश्रा को सौंप दी है। मिश्रा ने बताया कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए, विवेचना की जा रही है। आरोपी जल्द ही गिरफ्तार होगा।

## काटसहरा नहर में उतराती मिली लाश



प्रखर गोरखपुर। रविवार को दोपहर में 30 वर्ष युवती की उतरती मिली लाश, प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार मुन्नी उर्फ पूनम पुत्री राम दुलारे ग्राम काटसहरा की लाश दोपहर लगभग ढाई बजे के आसपास नहर में उतरती हुई मिली परिवार जनों का कहना है पूनम को मिर्गी आता था और इत्तेफाक से वह नहर में जा गिरी जिससे उसकी मौत हो गई, थाना अध्यक्ष विशाल उपाध्याय द्वारा लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## बाबा विश्वनाथ कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की तैयारी, कमीश्नर ने दी हरी झंडी



प्रखर वाराणसी। बाबा विश्वनाथ कर्मियों की सेवा नियमावली तैयार कर दी गई है, जल्द ही इन्हें राज राज्य कर्मियों का दर्जा भी मिल जाएगा और राज्य कर्मियों की तरह इन्हें सारी सरकारी सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। मंदिर के अर्चकों को भी उसी श्रेणी में रखा गया है। अपर मुख्य कार्यपालक की अगुवाई में गठित तीन सदस्य कमेटी की बनाई गई। सेवा नियमावली को मंडल आयुक्त कौशल राज शर्मा ने हरी झंडी भी दे दी है। अब उसे स्वीकृत के लिए अगले हफ्ते न्यास बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा। मंडल आयुक्त ने कहा की सेवा नियमावली में सभी श्रेणी के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखा गया है। उधार मंदिर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेवा नियमावली में कार्यालय कर्मचारी को राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाएगा और अर्चकों को भी इस ग्रेट में रखने का प्रस्ताव है। नई नियमावली में नए पद भी स्वीकृत किए जाएंगे। जिनकी नियुक्ति अलग–अलग मानक पर होगी। पूजा के लिए चार श्रेणियां प्रस्तावित है। जिनमें पूजक, वरिष्ट अर्चक, मुख्य अर्चक और मनित अर्चक शामिल है। काशी विश्वनाथ अधिनियम–1983, 13 अक्टूबर 1983 को लागू हुआ था। उसके अंतर्गत बाबा विश्वनाथ मंदिर न्यास संचालित होता है। न्यासा गठन के बाद अब तक कर्मचारियों की सेवा नियमावली नहीं बनी थी। वर्ष 2021 में मंदिर के कर्मचारी अरुण मिश्रा हाई कोर्ट पहुंचा तो उच्च न्यायालय ने मंदिर न्यास की नियमावली बनाकर उसे लागू करने का आदेश दिया था। मई 2022 में मंदिर न्यास की 102 में बैठक में कर्मचारी सेवा नियमावली बनाने का प्रस्ताव आया। वर्तमान में बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद और न्यास के कर्मचारी पुजारी सेवादार कार्य कर रहे हैं। सेवा नियमावली में कर्मचारी, पुजारी व सेवादारों की नियुक्ति सेवा, अधिकार, वेतनमान, कार्यकाल आदि के प्रावधान किए गए हैं। वहीं मंडल आयुक्त ने बताया कि सभी बिंदुओं पर संशोधन के साथ सेवा नियमावली को अंतिम रूप दिया जाएगा। अगले हफ्ते न्यास बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। इस संबंध में मंदिर प्रशासन को तैयारी करने का निर्देश दिया गया है।

## यादव महासभा की पहल पर योगी कर सकते है अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग का समर्थन



प्रखर पूर्वाचल लखनऊ। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके कालिदास मार्ग स्तिथ आवास पर शिष्टाचार भेंटकर उनके समक्ष यादव समाज के सरकार से संबंधित विभिन्न मुद्दों को रखा जिसमे महासभा द्वारा भारत सरकार से की जा रही अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग पर मुख्यमंत्री के समर्थन की मांग प्रमुख रूप से थी। जिसपर मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि अहीर रेजिमेंट के गठन के समर्थन में भारत सरकार को एक पत्र लिखेंगे कि यादव समाज के सैनिकों द्वारा देश की रक्षा में दिए गए बलिदान को देखते हुए अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए । इसके अलावा प्रतिनिमंडल ने प्रदेश के कई जिलों में कतिपय प्रशासनिक अधिकारियों एवं दबंग लोगों द्वारा जानबूझ कर यादव समाज के व्यक्तियों को दुर्भावनावश प्रताड़ित किया जाने की बात उठाई जिस पर मुख्यमंत्री ने महासभा से ऐसे प्रकरणों को मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में लाने को कहा और आश्वस्त किया कि यादव समाज के साथ किसी भी प्रकार की कोई भी भेद भाव नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने महासभा को जनहित के कार्यों के लिए हरसंभव मदद की बात भी कही।प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव के अलावा राष्ट्रीय महासचिव मनोज यादव, वीरेन्द्र पाल सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, शालिनी यादव सदस्य कार्यकारिणी, दिनेश यादव प्रदेश महामंत्री एवं अजय प्रताप यादव युवा महामंत्री शामिल रहे।

## रामलाल के निमंत्रण पत्र पर फिर बोले अखिलेश, मैं अयोध्या सपरिवार जाऊंगा जरूर लेकिन....

प्रखर लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार रात कहा कि वह अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सपरिवार दर्शनार्थी बनकर अवश्य जाएंगे. सपा प्रमुख यादव ने शनिवार रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर चंपत राय को लिखे एक पत्र को साझा किया है, जिसकी शुरुआत में उन्होंने 'आदरणीय श्री चंपत राय जी, महासचिव, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या'' संबोधन के साथ लिखा है, 'श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के स्नेह निमंत्रण के लिए धन्यवाद एवं समारोह के सकुशल संपन्न होने की हार्दिक शुभकामनाएं.' इस पत्र में सपा प्रमुख ने कहा, 'हम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात सपिरवार दर्शनार्थी बनकर अवश्य आएंगे. आज प्राप्त निमंत्रण के लिए पुनरू धन्यवाद.' हालांकि, सपा प्रमुख यादव ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें अयोध्या में होने जा रहे भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही कूरियर से मिला हैं. उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्हें निमंत्रण कूरियर से भेजा गया है तो उसकी रसीद उन्हें दिखा दी जाये, ताकि यह पता चल सके कि निमंत्रण सही पते पर ही भेजा गया है या नहीं. राजधानी में समाजवादी पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित किये जाने के सवाल पर कहा, 'यह (भाजपा) अपमानित करने का काम करते हैं. मुझे कोई निमंत्रण नहीं मिला हैं. जब हम कोई कार्यक्रम करते हैं तो अपने परिचित को ही निमंत्रण देते हैं. हम किसी राह चलते को निमंत्रण नहीं देते. हमें कोई निमंत्रण नहीं दिया गया है.' इससे पहले विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल से पूछा गया कि क्या सपा प्रमुख अखिलेश यादव को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भेजा गया हैं ? इस पर उन्होंने जवाब दिया, 'निमंत्रण उन तक पहुंचा है, या नहीं, यह मैं नहीं कह सकता लेकिन निमंत्रण सूची में उनका नाम है.'

# मकर संक्रान्ति का महत्व !




**प्रस्तावना** – मकर संक्रांति यह अयन वाचक त्यौहार होने पर भी हिंदू धर्म में उसे अनेक दृष्टिकोणों से महत्व प्राप्त हुआ है । त्यौहार, उत्सव एवं व्रत को अध्यात्म शास्त्रीय आधार होने के कारण वे मनाए जाते हैं एवं उनसे चौतन्य का निर्माण होता है और उससे सर्वसाधारण मनुष्य को भी ईश्वर की ओर जाने में मदद मिलती है । ऐसे महत्वपूर्ण त्यौहार मनाने के पीछे का अध्यात्म शास्त्र समझकर त्यौहार मनाने से उसकी फल निष्पत्ति (लाभ की मात्रा) अधिक होती है। मकर संक्रांति का महत्व कुछ सूत्रों के द्वारा समझ कर लेंगे।

**मकर संक्रांति** – इस दिन सूर्य का मकर राशि में संक्रमण होता है । सूर्य भ्रमण के कारण होने वाले अंतर को पूरा करने के लिए हर 80 वर्षों के बाद संक्रांति का दिन एक दिन आगे हो जाता है। इस दिन सूर्य का उत्तरायण शुरू होता है। कर्क संक्रांति से मकर संक्रांति तक के काल को दक्षिणायन कहते हैं।

**मकर संक्रांति का व्यावहारिक महत्व** – भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति का त्यौहार आपस के द्वेष, मतभेद भूलकर प्रेम भाव बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन तिल व गुड, प्रत्येक व्यक्ति को मीठा बोलने का सन्देश देता है। इस दिन अन्यों को तिल गुड़ देने से पहले भगवान को अर्पित किया जाता है । इससे तिल ,गुड़ की शक्ति एवं चौतन्य टिका रहता है । तिल गुड़ देते समय हममें चौतन्य एवं अलग भाव जागृत होता है ।व्यावहारिक स्तर पर व्यक्ति को घर के वातावरण के चौतन्य का लाभ होता है । उसमें प्रेम भाव की वृद्धि होती है तथा नकारात्मक दृष्टिकोण से सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर जाने में सहायता मिलती है।

**तिलगुड़ का महत्व** – तिल में सात्विक लहरियों को ग्रहण एवं प्रक्षेपण करने की क्षमता अधिक होने के कारण तिल गुड़ का सेवन करने से अंतर्शुद्धि होकर साधना अच्छी तरह होती है।

मकर संक्रान्ति का साधना की दृष्टि से महत्व – मकर संक्रांति के दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक वातावरण अधिक चौतन्यमय होता है । साधना करने वाले जीव को (व्यक्ति को) इस चौतन्य का सर्वाधिक लाभ होता है ।इस चौतन्य के कारण उस जीव (व्यक्ति) का तेज तत्व वृद्धिंगत होने में सहायता होती है। इस दिन प्रत्येक जीव को (व्यक्ति ने) वातावरण में रज,तम न बढ़ाते हुए अधिकाधिक सात्विकता निर्माण करके उस चौतन्य का लाभ लेना चाहिए। मकर संक्रांति का दिन साधना के लिए अनुकूल है। इसलिए इस काल में (समय में) अधिकाधिक प्रमाण में साधना करके ईश्वर एवं गुरु से चौतन्य प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए।

साधना के लिए अनुकूल काल – संक्रांति का काल साधना के लिए अनुकूल होता है, क्योंकि इस काल में ब्रह्मांड में आप तथा तेज इन तत्वों से संबंधित कार्य करने वाली ईश्वरीय क्रिया लहरियों का प्रमाण अधिक होता है।

**एक ब्रह्म की ओर जाने का मार्ग दिखाना** – संक्रांति का त्यौहार मिट्टी के घड़े का पूजन एवं उपायन (दान) देने की विधि द्वारा पंच तत्वों से निर्मित जीव को देह द्वारा साधना करके त्रिगुणों का त्याग करके द्वैत से अद्वैत अर्थात एक ब्रह्म की ओर जाने का मार्ग दिखलाता है।

**प्रकाशमय कालावधि** – इस दिन, यज्ञ में हवन के पदार्थ ग्रहण करने के लिए पृथ्वी पर भगवान अवतरित होते हैं । इसी प्रकाशमय मार्ग से पुण्य आत्मा पुरुष शरीर छोड़कर स्वर्ग आदि लोकों में प्रवेश करते हैं । इसलिए यह कालावधि प्रकाशमय मानी गई है।

इस दिन महादेव को तिल–चावल अर्पित करने का महत्व – इस दिन महादेव को (शंकर जी को) तिल चावल अर्पित करने का अथवा तिल चावल मिश्रित अर्घ्य अर्पित करने का भी विधान है। इस पर्व के दिन तिल का विशेष महत्व माना गया है । तिल का उबटन, तिल मिश्रित जल से स्नान, तिल मिश्रित जल पीना, तिल का हवन करना, भोजन बनाते समय तिल का प्रयोग तथा तिल का दान, ये सब पाप नाशक प्रयोग हैं। इसलिए इस दिन तिल गुड़ तथा शक्कर मिश्रित लड्डू खाने तथा दान करने का अपार महत्व है । जीवन में सम्यक क्रांति लाना यह मकर संक्रांति का आध्यात्मिक तात्पर्य है।

मकर संक्रान्ति को दिए गए दान का महत्व – धर्मशास्त्र अनुसार इस दिन दान, जप तथा धार्मिक अनुष्ठान का अत्यंत महत्व बताया गया है। इस दिन दिया गया दान पुनर्जन्म होने पर सौ गुना अधिक प्राप्त होता है।

प्राकृतिक उत्सव – यह प्राकृतिक उत्सव है। प्रकृति से तालमेल बिठाने वाला उत्सव है । दक्षिण भारत में तमिल वर्ष का प्रारंभ इस दिन से ही होता है । वहां यह पर्व श्थई पोंगलश नाम से जाना जाता है । सिंधी लोग इस पर्व को तिलमौरी कहते हैं, महाराष्ट्र में तथा हिंदी भाषी लोग मकर संक्रांति कहते हैं एवं गुजरात में यह पर्व उत्तरायण नाम से जाना जाता है।

**हल्दी कुमकुम के पंचोपचार** –

**हल्दी कुमकुम लगाना** – हल्दी कुमकुम लगाने से सुहागन में स्थित श्री दुर्गा देवी का सुप्त तत्व जागृत होकर हल्दी कुमकुम लगाने वाली सुहागन का कल्याण करता है।

**इत्र लगाना** – इत्र से प्रक्षेपित होने वाले गंध कणों से देवता का तत्व प्रसन्न होकर उस सुहागन के लिए कार्य करता है। (उस सुहागन का कल्याण करता है)।

**गुलाब जल छिड़कना** – गुलाब जल से प्रक्षेपित होने वाली सुगंधित लहरियों के कारण देवता की लहरियां कार्यरत होने से वातावरण की शुद्धि होती है एवं सुहागिनों को कार्यरत देवता के सगुण तत्व का अधिक लाभ मिलता है।

दान देना – दान देते समय हमेशा आंचल के किनारे का आधार देते हैं । दान देना अर्थात दूसरे जीव में स्थित देवत्व को तन, मन एवं धन त्याग के शरण आना। आंचल के किनारे का आधार देना अर्थात शरीर के वस्त्रों की आसक्ति का भी त्याग करके देह बुद्धि त्याग करने की शिक्षा देना। संक्रांति का काल साधना के लिए पोषक होने के कारण दिए गए दान से देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं एवं दान देने वाली सुहागिनों को इच्छित फल की प्राप्ति होती है।

**दान क्या देना चाहिए?** – साबुन, प्लास्टिक की चीजें देने की अपेक्षा सुहाग का सामान, अगरबत्ती उबटन, देवताओं के चित्र,धार्मिक ग्रंथ,पोथियां आदि अध्यात्म की पूरक वस्तुओं का दान देना चाहिए। संक्रांति के दूसरे दिन को किंक्रांति, अथवा करि दिन कहा जाता है । इस दिन देवी ने किंकरासुर का वध किया था।

**संदर्भ– सनातन का ग्रंथ त्यौहार, उत्सव एवं व्रत.**

# है साधा निशाना !

पार्टी पर अपनी ही ।
है साधा निशाना ।।
चाह रहे हैं लगता ।
नया कुछ बताना ।।
हो रहे गुमराह ।
बस केवल विरोध ।।
बेवजह बेमतलब ।
हैं खुद ही अवरोध ।।
देखते ये कितना ।
आता ज्ञान काम ।।
है भरी बस नफरत ।
लेकर एक नाम ।।
हो कैसे सुधार ।
इस पर नहीं विचार ।।
सोचते बस केवल ।
बन जाए सरकार ।।

कृष्णेन्द्र राय

# सामाजिक समरसता तथा वैज्ञानिक चेतना का पर्व मकर संक्रांति – डॉ.आरसी पांडेय

भारत उत्सवधर्मी देश है। यहां मनाएं जाने वाले प्रत्येक उत्सव का सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक महत्व होता है। उत्सव का संबंध सामूहिकता से है। यदि भारतीय उत्सवों का सांस्कृतिक अध्ययन किया जाए तो भारतीय समाज की मजबूत संरचना को आसानी से समझा जा सकता है। सामाजिक ताने–बाने को मजबूत बनाए रखने के लिए भारतीय मनीषियों ने उत्सवों की परिकल्पना की होगी। उत्सव समाज को जोड़ने का कार्य करता है। लोगों में उत्साह, उमंग व ऊर्जा का संचार करने के साथ ही उनके दायित्वबोध को भी याद दिलाता है। उन्हें समाज से जुड़कर साथ–साथ चलने के लिए प्रेरित करता है। उत्सव का संबंध पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाए रखते हुए समाज के साथ सामंजस्य बनाए रखने से है। जिस देश में पर्वों के माध्यम से सामाजिक एकता व भाईचारे का दृढ़ संदेश देने की प्राचीन परंपरा रही हो उसकी समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत की उपादेयता हमेशा प्रासंगिक बनी रहेगी। उत्सव भारतीयों की हौशलामंद जीवनशक्ति और उनके उल्लासमय जीवन का प्रमाण भी है। भारत के प्रमुख उत्सवों में मकर संक्रांति पर्व भी एक है। कहते हैं कि भारतीय पंचांग पद्धति की समस्त तिथियां चन्द्रमा की गति को आधार मानकर निर्धारित की जाती हैं, किन्तु मकर संक्रान्ति को सूर्य की गति से निर्धारित किया जाता है। सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करने को संक्रांति कहा जाता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होकर धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। उत्तर भारत में इस पर्व को श्मकर सक्रान्ति, पंजाब में लोहडी, गढ़वाल में खिचडी संक्रान्ति, गुजरात में उत्तरायण, तमिलनाडु में पोंगल, जबकि कर्नाटक, केरल तथा आंध्र प्रदेश में इसे संक्रांति कहते हैं। असम में बिहू के रूप में इस पर्व को मनाया जाता है। यह भारत की समृद्धि विविधता को भी दर्शाता है। मकर संक्रांति का वैज्ञानिक महत्व भी है। इस दिन से सूर्य के उत्तरायण हो जाने से प्रकृति में परिवर्तन आने शुरू हो जाते हैं। ठंड से ठिठुरते लोगों को सूर्य के उत्तरायण होने से शीत ऋतु से राहत मिलती है। भारत कृषि प्रधान देश है जहां के पर्व त्योहारों का संबंध कृषि व्यवस्था से जुड़ा है। मकर संक्रांति पर्व के समय किसान रबी की फसल की बुवाई कर खरीफ की फसलें घर ले आते हैं। किसानों का घर अन्न से भर जाता है ।इसलिए इस पर्व का संबंध अन्न की समृद्धि से भी है। हम सब जानते हैं कि पृथ्वी अपनी धुरी पर 23.5 अंश झुकी है। जिसके चलते सूर्य छः माह उत्तरी गोलार्ध के निकट रहता है तथा छः माह दक्षिणी गोलार्ध के निकट रहता है। मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आना शुरू कर देता है। जिसके चलते उत्तरी गोलार्ध में रातें छोटी व दिन बड़े होने लगते हैं। लोगों को ठंड से राहत मिलती है। यह पर्व सूर्य के प्रकाश व ऊष्मा की वृद्धि का पर्व है। ऐसे समय में मनुष्य में नई स्फूर्ति से अपनी कार्य क्षमता में वृद्धि करता है। भारत के पर मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाता है। इस दिन स्नान औ,र दान देने की परंपरा है। इस दिन तीर्थों एवं पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है। दान के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है। जगह–जगह खिचड़ी सहभोज आयोजित किए जाते हैं। इसके माध्यम से समाज में व्याप्त तरह तरह के भेदभाव मिट जाते हैं। पवित्र तीर्थों, नदियों पर नहाने अथवा सहभोज के माध्यम से समाज में सभी लोग बिना किसी भेदभाव के एकसाथ शामिल होते हैं। सुमित्रानंदन की श्नहानश कविता में देखा जा सकता है – श्जन पर्व मकर संक्रांति आजध्उमड़ा नहान को जन समाजध्गंगा तट पर सब छोड़ काजध्नारी नर कई कोस पैदलध्आ रहे चले लो, दल के दलध्गंगा दर्शन को पुण्योज्वल!ध्लड़के, बच्चे, बूढ़े, जवान रोगी, भोगी, छोटे, महान क्षेत्रपति, महाजन औ' किसान। यह त्योहार ही है जो समाज के भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। वरना तो स्वार्थ सिद्धि में लगे लोग समाज को बांटने की कुटिल चाल चल रहे हैं। बावजूद इसके भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजे हुए विकास की नई इबादत गढ़ रहा है। आज भारत सिर्फ मकर संक्रांति का उत्सव ही नहीं मनाता बल्कि अंतरिक्ष मिशनों की सफलता का नया इतिहास भी रचता है। भारत ने अपने पहले सौर मिशन आदित्य–स1 के माध्यम सूर्य का अध्ययन करने जा रहा है। निश्चित रूप से यह अध्ययन मानवता के विकास में सहायक होगी। इसलिए कहा जा सकता है कि मकर संक्रांति पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ ही सौर ऊर्जा से जुड़े पहलुओं के प्रति जागरूक करता है। मकर संक्रांति उत्सव को आदित्य मिशन से जोड़कर उसका अध्ययन करना भी दिलचस्प रहेगा।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं )**



# बेटियों को विरासत नही चाहिए !!

षादी के बाद हर लड़की
चाहती है !!
की उसके पिठ पीछे मायके की
एक मजबूत दीवार हो !!

कुछ ना भी मिले फिर भी !!
ऐ एहसास हो मेरे मायके वाले
मेरे साथ हैं !!

तीज त्योहार पर मायके से
कोई आये !!
साड़ी कपड़े मिठाईयों के साथ
!!

ससुराल में गर्व से बोलती हैं !!
मेरे मायके से आया है !!

मायके से एक बटोहिया भी आ
जाये तो !!
लगता हैं पुरा मायका आ गया
!!

खिचडी◌ पर माँ भेजती है !!
चुरा और लड्डुओं की टोकरी !!
बच्चों के लिए भी कपड़े !!
पैसे के साथ एक चिठ्ठी भी
भेजती है !!

दामाद जी के लिए कपड़े ले
लेना !!
उनकी पसंद से !!

खुशी से आँसू छलक जाते हैं
!!
जब माँ के भेजे चिठ्ठी पढ़ती हैं
!!

बेटियों को विरासत नही
चाहिए !!
वो तो एक पोटली से ही खुश
हो जाती हैं !!

माँ बाप के प्यार और
भईया की दुलार !!
और कुछ नहीं मांगती हैं
!!

मायके की दीवार चाहती है
!!
खुद सुरक्षित महसूस करती
हैं !!

किसी बात पर रुठ कर
बोलती हैं !!
मै अपने माँ के घर चली
जाऊंगी !!

सब कुछ भुल जाती हैं !!
मायके से जब कोई आता हैं
!!

**लेखिका**
**मीना सिंह राठौर**
**नोएडा उत्तर प्रदेश**



# पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के निर्देशन में कार्यालय व थानों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रखार संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 14.01.2024 को पर्यावरण व परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए जनपद के समस्त थानों, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व लाइन में पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया । इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा अपने–अपने कार्यालय व थाना परिसर में खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास, पेड़ों के सूखे पत्ते को काटा गया व आसपास की गंदगी की साफ सफाई की गई । पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त संबंधित को नियमित तौर पर श्रमदान कर साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के निर्देश जारी किए गये हैं ।

# 22 जनवरी को अयोध्या धाम में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर बड़ी गाड़ियों को अयोध्या के तरफ जाने से किया गया प्रतिबंधित



प्रखर संतकबीरनगर। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री के आगमन के मध्य नजर संत कबीर नगर पुलिस के द्वारा अयोध्या धाम की तरफ जाने वाली बड़ी गाड़ियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है उनके आवागमन हेतु रूट को डायवर्ट किया गया हैं । जिसकी जानकारी सार्वजनिक करते हुए क्षेत्राधिकार यातायात पुलिस में इसकी जानकारी दी। यातायात क्षेत्राधिकार दीपांशी राठौर ने बताया कि दिनांक 22.01.2024 को जनपद अयोध्या में मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार के आगमन व अयोध्या श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद संतकबीरनगर से दिनांक 14.01.2024 को प्रातरू 08रू00 बजे से भारी वाहनों का आवागमन एनएच 28 पर प्रतिबन्धित रहेगा ।रुट डायवर्जन करते हुए यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार किया गया है:–

जनपद गोरखापुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनः–

दुर्गा मन्दिर मगहर (संतकबीरनगर) से घघसरा (गोरखपुर) बखिरा–नन्दौर (संतकबीरनगर) से बांसी ( सिद्धार्थनगर ) होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे । सोनी होटल खलीलाबाद से मेहदावल बाईपास चौराहा वाया बखिरा–नन्दौर (संतकबीरनगर) से बांसी (सिद्धार्थनगर) होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे । धनघटा से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनः–' धनघटा से अम्बेडकरनगर से लखनऊ से होते हुए गन्तव्य को जायेंगे ।

खलीलाबाद से लखनऊ जाने हेतु रुट– खलीलाबाद, मेंहदावल बाईपास,बखिरा, बांसी, जनपद (सिद्धार्थनगर) होते हुए गन्तव्य को जायेंगे। टेमा रहमत से सेमरियावां, नन्दौर, बांसी, जनपद (सिद्धार्थनगर) होते हुए गंतव्य को जायेंगे । संत कबीर नगर पुलिस के द्वारा जारी किए गए इस रूट डायवर्जन कार्यक्रम को ट्रांसपोर्ट यूनियन के सदस्यों के साथ बैठकर संवाद भी किया गया है तथा उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस नियम को सख्ती से पालन करें।

# नयी दिशा द्वारा भठही बाबू में सैनिक अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन



प्रखर कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के भठही बाबू ग्राम सभा स्थित जूनियर हाईस्कूल भठही राजा के प्रांगण में सेना दिवस की पूर्व संध्या पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान, कुशीनगर द्वारा जन सहयोग से सैनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन कर भठही बाबू गाँव सहित इस क्षेत्र के परसहवाँ, नैकाछपरा, महुई खुर्द, पतेया, नकहनी, चुरामनछपरा, अहिरौली राय, रामबर चरगहां, खड्डा, जाखानी, चिउटहा, नटवलिया, सीताबारी, चिरगोड़ा, बकनहा, कुरहवाँ, नरकटिया बाजार, भरवलिया, फरीदपुर, परेवाटार, छपरा, परवरपार, सोहसा, मोहम्मदा इत्यादि गांवों के सेना में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त 111 सैनिकों का सम्मान किया गया। समारोह में नयी दिशा परिवार से जुड़े कुछ सैनिकों का भी सम्मान हुआ। इस दौरान धीरज राव, ऋषभ राव इत्यादि के संयोजन में राष्ट्र भक्ति से युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि पडरौना विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों से ही हमारा वजूद सुरक्षित है। उनके सम्मान में आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर डॉ0 डीएस तिवारी ने की। कार्यक्रम को तहसीलदार कसया नरेंद्र राम, सुधीर शाही, प्रो0 अमृतांशु शुक्ल, डॉ0 नंद रतन, अग्निवेश मणि, उमेश उपाध्याय, डॉ0 गौरव तिवारी, डॉ0 निगम मौर्य, वीरेंद्र साहू इत्यादि ने संबोधित किया

कार्यक्रम का संचालन धीरज राव, अतिथियों का स्वागत नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र व आभार ग्राम प्रधान भठही बाबू सुभाष कान्दू ने किया। इस अवसर पर चंदेश्वर शर्मा परवाना, चंद्रिका शर्मा, शम्भू राव,नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, डॉ0 सौरभ द्विवेदी, डॉ0 पारस नाथ, कृष्णमोहन, पेशकार गौड़, हेमंत मिश्र, हरिंद्र यादव, कन्हैया मिश्र, आनंद मोहन, अजय कुमार, आशुतोष मिश्र, इंद्र कुमार मिश्र, प्रकाम्य चतुर्वेदी, अंजनी नंदन सिंह, गोल्डन, धर्मेंद्र, हरीश, अनुराग, शुभम, रमाकांत मद्देशिया, रामदेव गौड़, रामकोमल, सत्यजीत, ममता कश्यप, डिम्पल पांडेय, सरवर आलम, रामाश्रय, सतवंत यादव, पवन दुबे, अमरनाथ मद्देशिया, अनिल सोनी, प्रवीण राव, मुकेश यादव, देवानंद, आदित्य पांडेय, शेखर आनंद, कृष्णानंद त्रिपाठी, सुरेश गुप्ता, ब्रह्मकुमारी की मीरा बहन इत्यादि उपस्थित रहे।

# नमो ऐप देगा सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी – डा. दयाशंकर मिश्र दयालु

## नमो ऐप आम आदमी को सीधे प्रधानमंत्री से जोड़ेगा– डा. दयाशंकर मिश्र



प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं नमो ऐप के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों को जोड़ेगी इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो ऐप डाउनलोड करना है और आम जनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी मिल सके इसके लिए नमो ऐप डाउनलोड करवाना है द्य इसी के निम्मित आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने सिगरा के राजन शाही नगर स्थित अपने कैंप कार्यालय पर चौपाल लगाकर लोगों से नमो ऐप डाउनलोड कराया और कहा कि नमो ऐप अत्यंत महत्वपूर्ण ऐप है जिसके माध्यम से सभी सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी प्राप्त हो सकती है कहा कि आम जनमानस के लिए यह ऐप अत्यंत उपयोगी साबित होगा और लोग घर बैठे इसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे द्य कहा कि मोदी सरकार पारदर्शी तरीके से कार्य करने पर विश्वास रखती है इसलिए आम जनता को सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी हो, इसके लिए नमो ऐप बेहतर विकल्प है और नमो ऐप के जरिए आम जनमानस सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ेगा। आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र ष्दयालुष्ने कहा कि भाजपा का नमो एप पर दो करोड़ लोगों को जोड़कर विकसित भारत एंबेसडर बनाने का लक्ष्य है। नमो ऐप के जरिए माइक्रो डोनेशन अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके जरिए आम लोगों को अपनी स्वेच्छा से पार्टी कोष में राशि दान करना है ।

# राजपत्रिक अधिकारियों ने आईजी रेंज को आगरा के लिए किया गर्मजोशी के साथ विदा



प्रखर गोरखपुर। आईजी रेंज गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंद्र गौड़ के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए शासन द्वारा आगरा कमिश्नरेट का पुलिस कमिश्नर बनाया गया पुलिस कमिश्नर बनाए जाने पर आज बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर के नेतृत्व में आईजी रेंज जे रविंदर गौड के लिए विदाई समारोह आयोजित कर विदाई किया गया। इस दौरान आईजी के दो साल छ माह के कार्यकाल पर खुद एसएसपी ने विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि वे किस तरह अपराध व अपराधियों के खिलाफ अभियान को लेकर चिंतित रहते थे। वहीं आईजी की कार्य शैली को लेकर भी अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी जिन्हें अधिकारियों सहित आम जनता भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए याद करेगी।आईजी जे रविन्द्र गौड़ ने गोरखपुर में लंबे समय तक अपनी सेवा दी यहां दो वर्ष 6 माह से अधिक समय तक रहे। जिन्हें शासन ने इनके बेहतर कार्यों को देखते हुए आगरा का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया वह लोगों में काफी लोकप्रिय व सहज थे। उनकी विशेष कार्यप्रणाली उनकी लोकप्रियता का कारण थी। आमजन से मिलना और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण उनके प्राथमिक कार्यों में शामिल रहे। आईजी रेंज ने

फरियादियों के बीच मधुर संबध बनाए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसे हर फरियादी याद करेगा। आईजी रेंजध् पुलिस कमिश्नर आगरा ने अपने अधीनस्थ से कहा कि जब अपराध और अपराधी के बारे में पुलिस तंत्र को सटीक सूचना और जानकारी होगी तभी अपराध मुक्त वातावरण बनाया जा पाना संभव हो सकेगा। जब जनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध होंगे, तभी पुलिस की छवि जनता के बीच अच्छी बनेगी। 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी आईजी रेंज जे रविंदर गौड़ मूल रूप से आंध्र प्रदेश के महबूब नगर के रहने वाले हैं। यहां ज्वाइन करते ही उन्होंने रेंज के सभी पुलिस कप्तानों के साथ बैठक कर पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छे संबंध होंगे तो जनता भी एक दोस्त की तरह पुलिस से बात कर सकेगी और कोई महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस से साझा कर सकेगी कहा था कुछ हद तक पुलिस ने उसे जमीन पर भी उतरने का प्रयास किया था। विदाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई पुलिस अधीक्षकध् क्षेत्राधिकारी कैंट मानुष पारीक सहायक पुलिस अधीक्षक ध् क्षेत्राधिकारी कोतवाली अंशिका वर्मा सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु प्रभा सिंह पुलिस अधीक्षक मंदिर सुरक्षा अनुराग सिंह सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रह कर बिदाई किए जिसे याद किया जायेगा।

# पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



प्रखर पिंडरा वाराणसी। प्रधानमंत्री के आह्वान पर सरकारी व निजी संस्थाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के मॉडल थाना सिंधोरा में चले स्वच्छता अभियान में संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ के एजिलरसन , डीसीपी गोमती जोन प्रबल, प्रताप सिंह, एडीसीपी टी सरवन, एसीपी पिंडरा, प्रतीक कुमार, थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह समेत गणमान्य नागरिकों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया । इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को स्वच्छता के साथ सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। फूलपुर थाना परिसर में इंस्पेक्टर संजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने सफाई अभियान चलाया। वही तहसील पिंडरा में एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के नेतृत्व में चले सफाई अभियान में तहसीलदार विकास पांडेय, नायब तहसीलदार राधेश्याम यादव, श्वेता सिंह पटेल, स्टेनो प्रदीप कुमार व नरेंद्र कुमार कुमार समेत अनेक कर्मचारियों अभियान में शामिल हुए। विकास खण्ड कार्यालय में बीडीओ छोटेलाल तिवारी, बीआरसी पर बीईओ देवीप्रसाद दुबे के नेतृत्व में सफाई अभियान चला। वही भाजपाईयो द्वारा पिंडरा, सिंधोरा व कठिराव मण्डल द्वारा विभिन्न मंदिरों पर सफाई अभियान चला।इस दौरान जिला मंत्री फौजदार शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मनीष पाठक, सरमेश सिंह, अजय पटेल इसके अलावा कई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी जुबैर अहमद का ताबड़तोड़ गावो में दौरा जारी



प्रखर संतकबीरनगर। राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद शाह आज अपने पदाधिकारी गढ़ के साथ क्षेत्र का दौरा किया जिसमें ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत भाटपारा में पसमांदा समाज को लेकर जागरूकता एवं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के संदर्भ में आशा व्यक्त की और पसमांदा समाज को आने वाले आम चुनाव में भाजपा सरकार को दोबारा सरकार बनाने की चिंता व्यक्त की जिसमें उपस्थित रहे पदाधिकारी गढ़ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष एजाज अहमद पसमांदा महाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वहाबुद्दीन मंसूरी अल्ताफ हुसैन पसमांदा पार्टी के मंडल अध्यक्ष माजिद इकबाल साहब शमीम अहमद सुजल अहमद नजीर अहमद और तमाम पसमांदा समाज के पदाधिकारी गढ़ मौजूद रहे।

# बिहार राज्य मे बहन जूनियर में भाई इंटर में बना प्रक्ता



प्रखर जौनपुर। बिहार राज्य में शिक्षक भर्ती में जौनपुर के दो सगे भाई बहन शिक्षक बने हैं। भाई इंटर में प्रवक्ता तो बहन जूनियर में प्रवक्ता बनी है। इस सफलता से घर वालों में खुशी का माहौल रहा । लोगों ने एक दूसरे को बधाई दिए। बता दें कि धर्मापुर ब्लाक के बालेमऊ के निवासी योगेन्द्र नाथ यादव के बेटा बेटी दोनों बिहार राज्य मे शिक्षक भर्ती में नियुक्ति हुई है। जिसमें पुत्र दिलीप कुमार यादव इंटर भूगोल विषय में प्रवक्ता बना है। वहीं उनकी बेटी रंजना यादव जूनियर साइंस और मैथ की में प्रवक्ता बनी है । बिहार प्रदेश में दोनों के चयन से घर में खुशी का माहौल बन गया और गांव व नात रिश्तेदारों लोगों ने पहुंचकर उन्हें इस सफलता के लिए बधाई दी। दोनों भाई बहन टीडी कॉलेज के होनहार छात्र रहे हैं और हमेशा अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होते रहे हैं। इस सफलता पर दिलीप कुमार यादव का कहना है कि अभी लक्ष्य सिविल परीक्षाओं में सफलता हासिल करना है। जबकि बहन रंजना यादव का कहना है कि वह उच्च शिक्षा में पहुंचकर सेवा देना चाहती है।

# त्रिपदा पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम



प्रखर वाराणसी। गांगकला में स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सी.बी.एस.ई. द्वारा चयनित संसाधन व्यक्ति के रूप में श्रीमति प्रेरणा शर्मा एवं डॉ ममता सिंह कुशल प्रशिक्षक के नेतृत्व में त्रिपदा पब्लिक स्कूल एवम अलग अलग स्कूल से आए समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी कक्षा प्रबंधन (क्लास मैनेजमेंट) पर प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए बाल केंद्रित शिक्षा एवं नवीन शिक्षण शास्त्रीय पाठ्य सहगामी क्रिया के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर प्रमुखता से चर्चा की। सनातन धर्म की परिपाटी को आत्मसात करते हुए विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती प्रमिला देवी ने गुलदस्ता व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय के प्रबंधक कन्हैया लाल पटेल एव प्रधानाचार्य अशोक पांडेय ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। अलग–अलग विद्यालय से आए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर तथा नई–नई तकनीकियों के माध्यम से कक्षा प्रबंधन को नियोजित करने का रक्षा सूत्र प्राप्त कर अत्यधिक खुश एवं उत्साहित दिखे। कुशल प्रशिक्षक से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी शिक्षण तकनीकी में आगमन एवं निगमन विधि का प्रयोग कर छात्रों को स्वावलंबी एवं कौशलयुक्त बनाने का संकल्प लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीमती प्रमिला वर्मा,शिव शंकर मौर्य, नीरज वर्मा, आर पी सिंह , अनुज श्रीवास्तव,ममता वर्मा विजय शंकरपाल राकेश चौबे ,संतारा वर्मा ,रितेश सिंह, विपिन कुमार दुबे, वंदना पटेल, मांडवी मिश्रा, उर्वशी मिश्रा, विनय कुमार दुबे रमाशंकर सिंह सचिन मिश्रा, संतोष पटेल, अंजू सिंह, अर्चना सिंह, अजय उपाध्याय समेत अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

# स्वामी विवेकानन्द जी की धूमधाम से जयन्ती मनाई गई



प्रखर वाराणसी। सर्व प्रथम स्वामी जी केचित्रपर माल्यार्पण कर संगोष्ठी की आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द अमर रहे, धर्म योद्धा की जय कर्म योद्धा की जय। हिन्दू–हिन्दू एक रहे भेद भाव को नहीं सहे। ऐसे नारे कार्यकर्ता लगा रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अथिति क्रांति मंच के प्रदेशसंयोजक श्री चिन्मय चर्टीजी सम्बोधित करते हुए कहा अध्यात्म को अंध विश्वास व कट्रवाद से हटाकर जनहित व राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए स्वामी विवेकानन्द जी का नाम आधुनिक भारतीय इतिहास में विशेष महत्व रखाता है। स्वामी विवेकानन्द शिकागो के धर्म महासम्मेलन में भारत को विश्व गुरू के रूप में स्थापित किया। स्वामी जी ने धर्म का बहुत सार्थक व्याख्या किया है। उन्होंने कहा की ईश्वर सभी प्राणियों में है और ईश्वरकी सेवा करनी है तो दुखी अभावग्रस्तमनुष्यों व सभी संकटग्रस्त जीवन रूपों की सेवा करनी चाहिए। यही ईश्वर की वास्तविक उपासना है, मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक जी ने स्वामी जी के जयन्ती के अवसर पर काशी को मास मंदिरा मुक्त हो काशी अभियान चलाने की घोषणा की। संगोष्ठी में प्रदेश अध्यक्ष श्री अमितसोनी ने कहा स्वामी विवेकानन्द जी ने हिन्दू धर्म को भारत वर्ष में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में पर्चम लहराया। स्वामी विवेकानन्द सनातन धर्म के सबसे युवा संत में शुमार थे और उच्च अध्यात्मिक उपलब्धि सम्पन्न योगी थे। जिन्होंने सत्य का प्रत्यक्ष साक्षात्कार किया था। एवं अपने उन्नयन तथा समग्र मानवता के कल्याणार्थ समर्पित कर दिया था वह अद्वितीय थे उनके द्वितीय होने की कल्पना करना भी असम्भव है। संगोष्ठी की कुशल संचालन प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र सेठ जी ने किया व धान्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक अशोक मिश्र ने किया।

# अयोध्या धाम में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा में यातायात व्यवस्था रहे चुस्त–दुरुस्त– एडीजी जोन




प्रखर गोरखपुर। एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही लगातार जोन के सभी जिलों का भ्रमण किया गया और जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करके यह निर्णय लिया गया है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात–प्रबंधन के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन द्वारा लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। विगत दिनों जनपद संतकबीरनगर, बस्ती एवं गोंडा का भ्रमण कर यातायात डायवर्जन के प्रस्तावित स्थानों का निरीक्षण किया गया था तथा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बस्ती पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी कर अयोध्या धाम में होने वाले कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर जोन के जिलों में किए जाने वाले यातायात–प्रबंधन के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत समीक्षा भी की गई थी।

# वाराणसी में रामनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा बच्चों में पठन–पाठन सामग्रियों का हुआ वितरण




प्रखर वाराणसी। निदौरा स्थित राम नारायण सेवा ट्रस्ट के तत्वाधाम में क्षेत्र के सभी मुसहर बस्तियो और अनुसूचित जनजाति के परिवारों में ट्रस्ट के माध्यम से बच्चों में पाठ पुस्तक कॉपियां तथा पठन–पाठन सामग्रीयो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रामनारायण सेवा ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक अवधेश कुमार उपाध्याय ने लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि रामनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा सदैव जरूरतमंद लोगों की मदद की जाएगी। आगामी 26 जनवरी के अवसर पर जरूरतमंद गरीबों में कंबल और मिठाइयों का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर काशीपुर के पूर्व ग्राम प्रधान जनार्दन सिंह व पूर्व ग्राम प्रधान ढोलापुर स्वयं राजभर एवं प्रदीप प्रजापति, अवधेश चौहान, डब्बू प्रजापति सहित क्षेत्र के विशिष्ट गण लोग उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के आवाह्न पर नमामि गंगे ने की गंगा तट और माता शीतला मंदिर की सफाई व मकर संक्रांति पर गंगा को न गंदा करने की अपील की



प्रखर वाराणसी। मकर संक्रांति के पर्व पर धार्मिक नगरी काशी में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं भीड़ की वजह से घाटों के अलावा गंगा में भी गंदगी काफी बढ़ जाती है जिसके मद्देनजर नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सदस्यों ने 14 जनवरी रविवार को दशाश्वमेध घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच यह अपील किया कि गंगा में पॉलिथीन, धार्मिक तस्वीरें, कपड़े, माला फूल आदि न डालें । नमामि गंगे टीम ने दशाश्वमेध घाट पर गंगा किनारे श्रद्धालुओं द्वारा की गई गंदगी को समेटा और उसे कूड़ेदान तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अपील को ध्यान में रखकर सिद्ध पीठ माता शीतला मंदिर की स्वच्छता में हाथ बंटाया । लाउडस्पीकर से हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को गंदगी और पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया । श्रमदान के दौरान राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अधिकारी अथर्वराज पांडेय विशेष रूप से मौजूद रहे। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने लोगों को सजग करते हुए बताया कि ष्कबिरा मन निर्मल भया जैसे गंगा नीरष यानि गंगाजल को ही निर्मलता की सबसे बड़ी कसौटी माना गया है। आज हम सबका दायित्व बन जाता है कि गंगा को एक बार फिर हम निर्मलता के उसी स्तर पर ले जाएं जिसका विवरण हम संत कबीर, संत रविदास तथा प्राचीन काल के ऋषि मुनियों की वाणी में पाते हैं । उसी स्तर की स्वच्छता को प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर नमामि गंगे अभियान चलाया जा रहा है। आयोजन में नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के प्रतिनिधि अथर्व राज पांडेय, महानगर सहसंयोजक सरिका गुप्ता,महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, गाजीपुर के जिला संयोजक निशांत सिंह, संजय गुप्ता, विशाल चौरसिया उपस्थित रहे ।

# परीक्षा नियंत्रक व शिक्षक ऐसोसिशन ने मूल्यांकन केन्द्र का किया निरीक्षण



प्रखर जौनपुर । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय बाला साहब देवरस मूल्यांकन केंद्र का परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मूल्यांकन प्रक्रिया का निरीक्षण किया और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । उन्होंने मूल्यांकन व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन भी किया और शिक्षकों से भी मिले। किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो और साफ सुतरी मूल्यांकन के लिए उन्होंने निर्देश दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित शिक्षक एशोसियेशन के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह, महामंत्री डॉ नीलेश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ संजीव सिंह ने मूल्यांकन का निरीक्षण कर शिक्षकों से मिले । उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की । उन्होंने मूल्यांकन के जिम्मेदारों से कहा कि शिक्षकों को मौसम के हिसाब से नाश्ता चाय वगैरह सही समय पर उपलब्ध कराया जाए। टॉयलेट शौचालय साफ सुथरा रखा जाए । मूल्यांकन के दौरान डीसी ब्लोअर की व्यवस्था भी शिक्षकों के लिए की जाए । शिक्षकों के किसी प्रकार की अशुविधा ना हो। इस दौरान ऐसोसिएसन टीम ने परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह से वार्ता की मागो को रखा । परीक्षा नियंत्रक ने शिक्षक सुविधा एवं व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न होने का आश्वासन दिया।

## आशीष स्मारक ट्रॉफी के फाइनल में मेरठ और बागपत में होगी खिताबी भिड़ंत

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। कृषक इण्टर कालेज के मैदान पर चल रही 29 वीं आशीष सिंह मेमोरियल ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में मेरठ ने जौनपुर को 7 विकेट से तथा बागपत ने भी चंदौली को 7 विकेट से पराजित कर फाइनल में स्थान पक्का कर लिया। आज रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में मेरठ के कैप्टन ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करती हुई चंदौली की पूरी टीम अठारहवें ओवर में महज 98 रन पर सिमट गई।अनिल 20 शशांक 16 के अलावा अन्य बल्लेबाज दहाई में नही पहुंच सके।जवाब में मेरठ ने शिवा की नाबाद अर्धशतकीय पारी 55 रन के सहयोग से तीन विकेट के पतन पर 15 वे ओवर में ही जीत के लिए आवश्यक रन बनाकर सेमीफाइनल मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल में चंदौली ने बागपत के विरुद्ध पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 187 रन का स्कोर खड़ा किया।सिद्धार्थ ने 75 और दुर्गा ने 37 रन बनाए। बागपत के गेंदबाज कुणाल ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया।लक्ष्य का पीछा करती हुई बागपत ने अठारहवे ओवर में तीन विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और चंदौली को 7 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में भी कुणाल ने महज 27 गेंदों में 8 चौके और4 छक्के लगाकर ताबड़तोड़ 67 रन बनाए।अली मालिक ने भी 64 रन की आकर्षक पारी खेली जिसमे 11 चौके शामिल थे। मैन आफ द मैच का पुरस्कार मेरठ के शिवा और बागपत के कुणाल को दिया गया। अंपायरिंग साहबलाल यादव मिथिलेश स्कोरिंग अशोक सिंह ता तथा कमेंटेटर की भूमिका में मनीष सिंह एवं धर्मेंद्र सिंह रहे।मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख संदीप सिंह समाजसेवी रघुबीर सिंह तथा बानर सेना के राष्ट्रीय सचिव आशीष सिंह बादल उपस्थित रहे।आयोजक सारनाथ सिंह ने सभी को सम्मानित किया।

## असहाय व निर्बलों को हुआ कम्बल वितरण



प्रखर पिंडरा वाराणसी। सर्दी मे जरूरतमंदो को ठंड के बचाने के प्रयास मे वर्षो से सेवा में लगे अभ्युदय सेवा समिति फूलपुर व हनुमान मन्दिर सेवा समिति मरुई के द्वारा रविवार को 151 कम्बल वितरण किया गया। अभ्युदय सेवा समिति द्वारा बिन्दा ग्राम सभा मे निशुल्क कम्बल वितरण के साथ राम मंदिर से आया अक्षत वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे थाना प्रभारी फूलपुर संजय मिश्रा व चौकी इंचार्ज सचिन कुमार पटेल रहे। इस समिति के एडवोकेट कृष्ण कुमार चौहान, अभिषेक गुप्ता, अमिताभ दुबे,विशाल गुप्ता, राजकुमार राजू, राहुल सेठ, नितिन अग्रहरि चंदन, शिवशंकर चौहान व अजय सेठ रहे। वही मरुई में हनुमान मन्दिर परिसर में बाल भोज के पश्चात कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा जिलामंत्री फौजदार शर्मा, महेंद्र पटेल, शिवकुमार गुप्ता, राजेन्द्र पटेल , पंधारी वर्मा व सोनू मोदनवाल समेत दर्जनो गणमान्य लोग रहे।

## घर–घर बांटा गया अक्षत व आमंत्रण पत्र



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवो में अयोध्या से आए पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र तथा अयोध्या मंदिर की तस्वीर का वितरण कार्य रविवार को आरएसएस, हिन्दू युवा वाहिनी, विश्व हिंदू परिषद व भाजपाइयों द्वारा घर–घर निमंत्रण दिया गया। साथ ही 22 जनवरी को रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखने तथा शाम को हर मन्दिर व घर में दीप जलाकर दीपोत्सव मानने की अपील की गई।

इस दौरान थाना, रामपुर, पिंडरा , असवालपुर , जमापुर, रतनपुर, धरसौना, रोह, जगदीशपुर, कनकपुर में राम भक्तों द्वारा अच्छत व निमंत्रण वितरण का कार्य हुआ । जिसमे प्रमुख रूप से सुरेश पांडेय, राम बालक ब्यास, हरिशंकर सिंह , विजय पाण्डेय एडवोकेट , राजू सिंह एडवोकेट, विकास गिरी, बनारसी विश्वकर्मा, मास्टर पप्पू गिरी , डॉ गौरव पाण्डेय, शशांक माथुर, आशीष पाण्डेय , प्रेम नारायण सिंह , कुंदन दुबे , सुनीत सिंह शक्ति , अमित सिंह । अच्छत वितरण के बाद इच्छाधारी हनुमानजी मंदिर पर महंत रामबालक व्यास जी द्वारा रामभक्तों को खीर खिलाया गया।

## श्री महंथ शत्रुघ्नदास का जन्मदिन आज, अनुयायियों ने दी शुभकामना



प्रखर गाजीपुर। सिद्धपीठ भुड़कुड़ा के वर्तमान पीठाधीश्वर श्री महँथ शत्रुघ्नदास जी महाराज का आज जन्मदिवस है। जन्मदिवस के अवसर पर महँथ जी ने पूर्ववर्ती सद्‌गुरुओं का श्रध्दा पूर्वक स्मरण किया। मठ पहुंचकर श्रद्धालु शिष्यों ने समाधि दर्शन किया तथा पारंपरिक तरीके से खिचड़ी भेंट करते हुए महाराज श्री के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की । सिद्धपीठ भुड़कुड़ा सतनामी परम्परा का लोक तीर्थ है। यहां निर्गुण निराकार की उपासना होती है। श्री महंथ रामाश्रय दास जी से शिष्यत्व प्राप्त कर शत्रुघ्नदास जी गद्दी पर बैठे। महाराज श्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मठ द्वारा संचालित संस्थाओं के प्रधानाचार्य, प्राचार्य, शिक्षकगण एवम् प्राध्यापकगण द्वारा दूरभाष के माध्यम से तथा क्षेत्र के अनुयायियों द्वारा सिद्धपीठ पहुंचकर शुभकामना दी गई।

## जमानियाँ पुलिस ने किया दहेज प्रताड़ना से सम्बन्धित 02 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन मे जनपद में हो रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानिया व प्रभारी निरीक्षक जमानियाँ के कुशल निर्देशन में दिनांक 12 जनवरी 24 को पंजीकृत धारा 498अ304ब323५06 भादवि व 3४4 डीपी एक्ट के वांछित अभियुक्त को रवीवार को समय करीब 11.00 बजे उप निरीक्षक सुरेश कुमार मौर्य मय हमराहियान द्वारा अभियुक्त गण के घर ग्राम बघरी से गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक की जा रही है ।

घटना के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 24को वादी मुकदमा सुबाष पासवान पुत्र काशी पासवान निवासी देवकठिया, थाना जंगीपुर, जनपद गाजीपुर उम्र करीब 50 वर्ष की पुत्री सबिता पासवान पत्नी पंकज उम्र करीब 25 वर्ष को उसके ससुराल वालो द्वारा दहेज में 50 हजार रूपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने पूर्ति न होने पर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने तथा गला दबा कर जान से मार देने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया गया । दाखिला प्रा0पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 013६2024 धारा 498 |६304ठ६323६506 भादवि व 3४4 द.प्र. |ब्ज बनाम पंकज पुत्र ओमकार, ओमकार पुत्र अज्ञात, सोमारी देवी पत्नी ओमकार, नीरज, चन्दन पुत्रगण ओमकार, सरिता पुत्री ओमकार पत्नी मंगरू समस्त निवासी गण बघरी, थाना जमानियां, जनपद गाजीपुर, मंगरू पुत्र अज्ञात निवास अज्ञात के पंजीकृत हुआ । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेश कुमार मौर्य थाना जमानियाँ, कांस्टेबल पवन कुमार यादव थाना जमानियाँ, कांस्टेबल नरसिंह यादव व महिला आरक्षी रीता शर्मा थाना जमानियाँ जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## विद्योत्तमा साहित्यरत्न सम्मान से महाराष्ट्र में सम्मानित हुए डॉ0 विजयानन्द



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वैश्विक हिंदी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बखरा गांव के मूल निवासी, हिंदी के सुपरिचित साहित्यकार डॉ0 विजयानन्द को विद्योत्तमा फाउंडेशन, नासिक, महाराष्ट्र ने विद्योत्तमा साहित्यरत्न सम्मान – 2023 से नवाजा है। डॉ. विजयानन्द को विद्योत्तमा साहित्यरत्न सम्मान, उनकी कानपुर से प्रकाशित आत्मकथा पुस्तक श्समय की सलीब पर श हेतु मकर संक्रांति, 2024 को हरियाली सभागार , नासिक , महाराष्ट्र में प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात मराठी , हिंदी साहित्यकार डॉ०अजित बी नागरगोजे ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ०कृष्णचंद्र पांडेय रहे। संस्थाध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्र ने सभी को बधाई दी। वैश्विक हिंदी महासभा के राष्ट्रीय, प्रदेशीय तथा जनपदीय पदाधिकारियों तथा साहित्यकारों ने उन्हें इस सम्मान के लिए बधाई दी है। ज्ञातव्य हो कि डॉ० विजयानन्द जी विभिन्न संस्थाओं में सचिव,महामंत्री,निदेशक–रिसर्च फाउंडेशन, सं.इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, का०अध्यक्ष– अखिल भारतीय साहित्य परिषद, प्रयागराज, अध्यक्ष –काशी प्रांत, राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व हिंदी महासभा, नई दिल्ली जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं तथा हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं में कुल ८१ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

उन्होंने श वैश्विक साहित्य श त्रैमासिक का लगभग १० वर्षों तक लगातार संपादन किया है। अमेरिका के रामकाव्य पीयूष, कृष्णकाव्य पीयूष सहित, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,जापान सिंगापुर , मारीशस, मलेशिया फिजी आदि अनेक देशों के काव्य संग्रहों, पत्र–पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रही हैं। वे अमेरिकन बायोग्राफिकल इंस्टीट्यूट के रिसर्च बोर्ड के सलाहकार रह चुके है।

## 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल,सृजन सामाजिक विकास न्यायाधीश, डायनेमिक इंग्लिश फुलवरिया स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में बांटा गया कंबल एवं चला स्वच्छता अभियान



प्रखर वाराणसी। स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट श्री अनिल कुमार बृक्ष के दिशा निर्देश में 95 बटालियन की टीम व श्री अनिल कुमार सिंह सज्जन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष के अगुवाई में तथा डायनेमिक इंग्लिश स्कूल फुलवरिया के सौजन्य से आज कंबल वितरण कार्यक्रम एवं गर्म कपड़ों का वितरण ग्राम सभा सारी डांगरी मुंडा देव में वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान रंजन राय सहायक कमांडेंट 95 बटालियन थे तथा विशिष्ट अतिथि डायनेमिक इंग्लिश स्कूल फुलवरिया के निदेशक दिलीप कुमार श्रीवास्तव थे,सृजन संस्था के सदस्य,95 बटालियन के निरीक्षक प्रिंस सिंह एवं प्रवीण सिंह के साथ जवान भारी संख्या में जवान भाग लिए, व ग्राम प्रधान मुरदेव रमेश कुमार संजय पांडे व ग्रामीण बंधु उपस्थित थे, मुख्य अतिथि के द्वारा सृजन संस्था के तत्वावधान में ग्रामीण महिलाओ को कंबल वितरण किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल सिंह सृजन सामाजिक विकास के अध्यक्ष ने की तथा माँ गंगा को स्वच्छ रखने का व अपने गांव को भी स्वच्छ रखने का सभी को शपथ भी दिलवाया गया। इस कार्यक्रम में डायनेमिक इंग्लिश स्कूल फुलवरिया के रितेश कुमार अध्यापक जानवी राज संजना यादव उन्नति साहनी कुमकुम पाल रागिनी कनौजिया देव सिंह नमन पाल वंशिका सिंह मयंक यादव आदि विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## महात्मा बुद्ध स्मृति ट्रस्ट ने निर्धन, असहायो को बांटे कंबल, प्रदेश मंत्री रहे मुख्य अतिथि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शीतलहरी व सर्द पछुआ हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए महात्मा बुद्ध स्मृति ट्रस्ट बिरनो के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु रहे। सर्व प्रथम भगवान बुद्ध व मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर व पुष्पाजली अर्पित कार्यक्रम की शुरुआत की । सुबह से ठंड से ठिठुरते गरीब,असहाय, निर्धन लोगों के बीच लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया। ठंड में उनका हाल चाल देखने आए व कंबल देकर मदद करने पर उन्होंने खुशी जाहिर की। साथ ही सुनील कुशवाहा की इस पहल की सराहना की। वहीं दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि गरीब व निर्धन, असहायों को सर्दी से बचाव के लिए बेसहारा लोगों के बीच सैंकड़ो कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा की भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा। कंबल वितरण होता देख लोगों ने कहा की उन्होंने सर्दी से ठिठुरते गरीब असहाय लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। भाजपा के जंगीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू ने कहा कि कम्बल वितरण कर खुले आसमान के नीचे रात गुजारते गरीबों को यह एहसास दिलाया कि समाज मे मानवता खत्म नहीं हुई है। इस मौके पर अभिनव सिन्हा, कुंवर रमेश सिंह पप्पू, जितेंद्र नाथ पांडेय, शैलेश राम, प्रवीण सिंह, अखिलेश राय, मन्नू राजभर, अमर सिंह वकील, अजीत दुबे, संकठा मिश्र, नागेंद्र कुशवाहा, विजय नारायण चौहान, लहजू कुशवाहा ,जनार्दन कुशवाहा ,सुधाकर सिंह कुशवाहा, केशव सिंह, आकाश राजभर, गुड्डू गुप्ता, सुरेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाधार दास व मंच संचालन विजय शंकर ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुशवाहा ने आए हुए सभी आगंतुक लोगों के प्रति आभार जताया।

## जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने शहीद सैनिकों के परिवारजनों को किया सम्मानित




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रवीवार को 8 वें आमर्ड वेटेरन्स दिवस के उपलक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय गाजीपुर के सौजन्य से जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने वीर शहीद सैनिको के परिवारजनों को कलेक्ट्रेट सभागार में मोमेन्टो, प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने शहीदो को नमन करते हुए हुए कहा कि आज 14 जनवरी 2024 को हमारे भूतपूर्व सैनिको द्वारा प्रदान की गई सेवाओ के सम्मान और मान्यता के प्रतीक के रूप मे प्रतिवर्ष 14 जनवरी को ''सशस्त बल भूतपूर्व सैनिक दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 2017 में मनाया गया। भारतीय सेना के पहले कमांण्डर–इन–चीप फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा, द्वारा प्रदान की गयी सेवाओं के सम्मान और मान्यता के प्रतीक के रूप में इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया है जो 14 जनवरी 1953 को सेवानिवृत्त हुए थे। इस लिए 14 जनवरी को आर्मड फोर्सेस वेटनरस दिवस के रूप में मनया जाता है। इसी क्रम मे जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आर्मड फोर्सेस वेटरनस दिवस के उपलक्ष्य में अपने जनपद के पदक विजेताओं एवं वीर शहीद सैनिकों की नारियों एवं आश्रितों को सर्टीफिकेट शाल व मोनेन्टो देकर सम्मानित किया। जिसमें वीजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद, शहीद कर्नल एम०एन० राय, विषेशी सिंह कुशवाहा, शहीद कमलेश सिंह,, शहीद रामदुलार यादवएवं शहीद मुनेन्द्र नाथ राय की परिवाजो को सम्मानित किया। इस असवर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह , डिप्टी कलेक्टर चन्द्र शेखर यादव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक कुमार एवं अन्य वीर नारियां, भूतपूर्व सैनिक अश्रित तथा भूतपूर्व सैनिकगण उपस्थित रहे।

## लेप्रोस्कोपिक सर्जन व इनफर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ सुनील यादव हिन्दी सेवा सम्मान – 2024 से सम्मानित



प्रखर वाराणसी। लेप्रोस्कोपिक सर्जन व इनफर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ सुनील यादव को दि ग्राम टुडे प्रकाशन समुह द्वारा टी जी टी हिन्दी सेवा सम्मान – 2024 से सम्मानित किया गया । डॉक्टर सुनील यादव (लेप्रोस्कोपिक सर्जन) एवं बी एच यू की पूर्व सीनियर डॉ. संध्या यादव ने समय–समय पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर गरीब बस्तियों में सेवा भाव के साथ निशुल्क चिकित्सा शिविर में मुफ्त चिकतसीय परामर्श, जांच व दवाइयां उपल्ब्ध करवाई हैं। गौरतलब हो कि आप गांव गांव जाकर लोगों को रोगों से बचाने के साथ ही उनके स्वास्थ की देखभाल कर रहें हैं। महिला रोगों पर इनके हिन्दी आलेख पत्र पत्रिकओं में प्रकाशित होते रहते हैं। इसके साथ ही इनके महिला रोगों के रोकथाम व उसके उपचार पर कई राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय पत्र पत्रिकाएं में प्रकाशित होते रहते हैं।

## ठंड से बचाव हेतु असहायों में कंबल वितरण



प्रखर वाराणसी। क्षेत्र के ग्राम सभा जोगियापुर में रविवार को लेखपाल सुधीर त्रिपाठी और ग्राम प्रधान देव चंद यादव द्वारा गरीबो व असहायों में ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया।लेखपाल सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि राजातालाब एसडीएम अमित कुमार के निर्देश पर पड़ रहे कड़ाके को ठंड को देखते हुए जोगियापुर गांव के बनवासी बस्ती, नट बस्ती और बिन्द बस्ती में ग्राम प्रधान के मौजूदगी में दो दर्जन से ज्यादा लोगो मे कंबल वितरण किया गया।गांव में अगर ऐसे और लोग भी है तो उन्हें चिन्हित कर कंबल दिया जाएगा।इस दौरान मंडल महामंत्री अरुण तिवारी, कल्लू यादव, अजय बिन्द, योगेंद्र यादव व अरविंद गिरी मौजूद रहे।

## माडर्न कान्वेंट स्कूल केंद्र पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



प्रखर खेतासराय जौनपुर। रविवार दोपहर क्षेत्र के माडर्न कान्वेंट स्कूल मनेछा केंद्र पर बी.एन.सी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसन्स की तरफ से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता मे 250 छात्रों ने भाग लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे छात्रों के तीन वर्ग कक्षावार 5 से इंटर तक ए बी सी बनाए गए थे। छात्रों को ओ एम आर शीट पर अपने उत्तर देने थे।प्रतियोगिता मे क्षेत्र के सर्वोदय इण्टर कालेज खुदौली, के डी इण्टर कालेज खेतासराय ,द्वारिका प्रसाद इन्टर कालेज सफीपुर ,नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल खेतासराय,राधिका पब्लिक स्कूल ,आइडियल पब्लिक स्कूल शाहापुर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा आयोजन मे प्रिंसिपल इंतेखाब अहमद , कोआर्डिनेटर मुहम्मद राशिद, निधि, अभिषेक सोनी आदि व्यवस्था मे लगे रहे ।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं